भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.06.2025

## महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त "रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक" से सम्मानित।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, रमेश चन्द्र को राजभाषा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान को देखते हुए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

दिनांक 17.06.2025 को सम्पन्न रेलवे बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक में रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने महानिरीक्षक सह प्रधान सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, रमेश चन्द्र को सम्मान प्राप्ति पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

(आर.एन.तिवारी) 18.6.2025
मुख्य जन संपर्क अधिकारी